दैनिक
प्रातः कालीन
www.knsllive.com
मुरादाबाद से प्रकाशित

क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI NO.UPBIL/2021/83001
वर्ष-04 अंक-12 मुरादाबाद,
03May, 2024 (Friday)
मूल्य- 03 रूपये पृष्ठ-08

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीजीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती,अलीगढ़ और उत्तराखंड

page 3 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय...
page 5 भाजपा प्रत्याशी सहित कुल 19 प्रत्याशियो ने किया...
page 7 EIGHT THINGS YOU SHOUND'T DO

सीएम योगी बोले-

हार की खिसियाहट को हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त कर रही कांग्रेस

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा भगवान श्रीराम और भगवान शिव पर दिए गए वक्तव्य की निंदा की है। उन्होंने कहा कि हिंदू आस्था का अपमान करने वाली कांग्रेस का पतन सुनिश्चित है।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भगवान राम और शिव पर दिए गए वक्तव्य पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट को वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर, उसके साथ खिलवाड़ कर व्यक्त कर रही है। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है। बांटो और राज करो कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति सीएम योगी ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की उस विरासत को ही अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है। उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है। देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार को वह कैसे अल्पसंख्यकों को बांटने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा बन रही है, इसका स्पष्ट उदाहरण कांग्रेस के मैनिफेस्टो में नजर आता है। इसीलिए कांग्रेस अपनी हार की खिसियाहट को किसी न किसी रूप में हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त करना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष के भाषणों में नजर आ रहे कांग्रेसी संस्कार सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म की उपासना विधि में राम और शिव दोनों अलग-अलग नहीं हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने स्वयं शिव की उपासना की और रामचरित मानस में देखेंगे तो भगवान शिव ने भी श्रीराम की उपासना की। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रभु राम कहते हैं कि 'शिवद्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा', यानी यदि कोई भगवान शिव का द्रोही है और वह मेरा दास, मेरा भक्त कहलाने का दंभ पाल रहा है तो मैं सपने में भी उसे प्राप्त नहीं हो सकता। ऐसा ही भगवान शिव भी कहते हैं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की वास्तविकता सामने आ रही है। भारत की सनातन परंपरा को अपमानित करना, उसको लांछित करना, भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना, ये कांग्रेस की प्रवृत्ति है और कांग्रेस अध्यक्ष को जो कांग्रेसी संस्कार प्राप्त हुए हैं वही बात वह अपने भाषणों में कर रहे हैं। वो भगवान राम और भगवान शिव को आपस में लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह वक्तव्य अत्यंत ही निंदनीय है। ये कांग्रेस के पतन की नई शुरूआत सीएम योगी ने साथ ही ये भी कहा कि हम इस बात को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे शास्त्र इस बात का प्रमाण हैं कि शिव का द्रोही हो या राम का द्रोही, उसका पराभव, उसका पतन अवश्य हुआ है।

उत्तर प्रदेश में शाह का बड़ा आरोप

वोट बैंक खिसकने के डर से अयोध्या नहीं गए राहुल, प्रियंका और अखिलेश

बदांयू। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी जी ने हमारे सारे श्रद्धा के केंद्रों को ऊजार्वान बनाने का काम किया है। ये काम सपा, बसपा और कांग्रेस नहीं कर सकती। ये केवल नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां यादव समाज बहुत बड़ी संख्या में रहता है। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि उत्तर प्रदेश में गुंडों से छुटकारा पाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल वापस लाना होगा। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और सपा के अखिलेश यादव इस डर से अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए कि इससे उनका वोट बैंक खिसक सकता है। बदांयू में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, अमित शाह ने कहा ₹यह चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरा जनादेश देने के लिए है। यह चुनाव कश्मीर से केरल तक आतंकवाद को खत्म करने के लिए

है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ से झारखंड तक नक्सलवाद को खत्म करने और यूपी को गुंडों और माफियाओं से छुटकारा दिलाने के लिए है। शाह ने कहा कि आप सभी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से बहुत खुश हैं। अखिलेश जी और डिंपल बहन, राहुल बाबा और प्रियंका जी को भी प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया था, मगर वो नहीं गए। क्योंकि वो अपने वोटबैंक से डरते हैं। उन्होंने कहा कि औरंगजेब काशी विश्वनाथ का दरबार तोड़ कर गया था, तब से वह जस का तस पड़ा था। नरेन्द्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भव्य बनाने का काम किया है। महाकाल लोक बनाया, केदार धाम और बद्री धाम को पुनर्जीवित किया और सोमनाथ का मंदिर भी अब सोने का बन रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी जी ने हमारे सारे श्रद्धा के केंद्रों को ऊजार्वान बनाने का काम किया है। ये काम सपा, बसपा और कांग्रेस नहीं कर सकती। ये केवल नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां यादव समाज बहुत बड़ी संख्या में रहता है। ये अखिलेश जी अपने आप को यादवों का खैर-ख्वाह कहते हैं।

फास्ट न्यूज

योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो वायरल,

नोएडा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

लखनऊ। सोशल मीडिया के दौर पर डीपफेक और फर्जी वीडियो भी खूब शेयर हो रहे हैं। अब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का भी डीप फेक वीडियो सामने आया है। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने एक आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराते हुए उसे गिरफ्तार किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए भ्रामक तथ्य फैलाया गया और राष्ट्रविरोधी तत्वों को बल दिया जा रहा था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह की वीडियो से छेड़छाड़ कर के डीप फेक वीडियो बनाया गया था। बीते 1 मई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अकांउट से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक डीप फेक वीडियो शेयर किया गया था। इस डीप फेक वीडियो में ह्यभाजपा हटाओ, देश बचाओ। इसके अलावा वीडियो में पुलवामा के वीर जवानों की पत्नियों के मंगलसूत्र को लेकर बात कही जा रही है। इस वीडियो को एक्स पर पोस्ट करते हुए यह लिखा गया था कि क्या यह वीडियो सही है अगर सही है तो जनता अंधभक्त है। इसके साथ ही इस वीडियो को सीएम योगी, यूपी बीजेपी और पीएमओ को टैग भी किया गया था।इस बारे में नोएडा एसीपी ने बताया कि यूपी एसटीएफ की ओर से इस मामले में साइबर क्राइम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। साथ ही इस डीप फेक वीडियो को एक्स पर पोस्ट करने वाले नोएडा के श्याम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गुजरात में गरजे पीएम मोदी, राहुल पर कसा तंज

शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला

● राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। मोदी के आने से पहले इस देश में दो संविधान और दो झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के आणंद में चुनाव प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने शास्त्री मैदान में एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूरा देश आज विश्वास के साथ कह रहा है, 'फिर एक बार मोदी सरकार'। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल से भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस के कार्यकाल को शासनकाल कहा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद बताया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा आणंद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, ₹देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। कांग्रेस के 60 साल में करीब 60 फीसदी ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ तीन करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20 प्रतिशत से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है। कांग्रेस पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का आरोप पीएम मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, ₹बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले। रैली में पीएम मोदी ने कहा, ₹2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के प्रधानमंत्री बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। जब उन्होंने छोड़ा था, तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया। रैली में पीएम मोदी ने किया वल्लभभाई पटेल का जिक्र प्रधानमंत्री ने बताया कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह बहुत जल्दी चले गए, जिसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा, ₹मेरे मन में है कि मैं सरदार साहब के सपने भी पूरे करने की कोशिश करूं। आज मोदी देश को एक करने के सरदार साहब के सपने को पक्का कर रहा है। वहीं कांग्रेस देश को बांटने में जुटी है, कांग्रेस समाज में लड़ाई-झगड़ा कराना चाहती है। राहुल गांधी पर कसा तंज राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया, ₹कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था। कश्मीर में हिंदुस्तान का संविधान लागू नहीं होता था। धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी। सरदार पटेल की भूमि से आए इस बेटे ने उस 370 को जमींदोज कर दिया और सरदार साहब को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने आगे कहा, ₹कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी, लेकिन मोदी की मजबूत सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है। संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, सीबीआई हमारे नियंत्रण में नहीं

बंगाल में एक भी मामला सरकार ने दाखिल नहीं किया, सीबीआई ने केस रजिस्टर किए

नई दिल्ली। बंगाल में कई केसों की सीबीआई जांच पर दाखिल ममता सरकार की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बंगाल सरकार ने याचिका में कहा कि कई मामलों में सीबीआई जांच कर रही है, वह भी बिना हमारी मंजूरी लिए। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा बंगाल में एक भी केस केंद्र सरकार ने दाखिल नहीं किया है। सीबीआई ने केस रजिस्टर किए हैं। इधर, बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि हमने अपने राज्य में केसों की सीबीआई जांच की मंजूरी वापस ले ली है। इसके बावजूद एजेंसी कई

केसों की जांच कर रही है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के आर्टिकल 131 का हवाला देते हुए याचिका दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का जिक्र है। इसके मुताबिक केंद्र और राज्यों के बीच के मामलों की सुनवाई सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में की जाती है। बंगाल सरकार की दलील पर एसजी तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता से कहा, संविधान का आर्टिकल 131 सुप्रीम कोर्ट के मिले सबसे पवित्र अधिकारों में से एक है।

दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारियों को उपराज्यपाल ने हटाया

नईदिल्ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेश के बाद गुरुवार को दिल्ली महिला आयोग के कुल 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। यह आदेश 2017 में उपराज्यपाल को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के बाद जारी किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कथित तौर पर वित्त विभाग और उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना इन कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।

रायबरेली से भाजपा ने जताया दिनेश प्रताप पर भरोसा, कैसरगंज से बृज भूषण सिंह के बेटे को टिकट

कैसरगंज। 2019 के लोकसभा चुनावों में, सोनिया गांधी ने 534,918 वोट और 55.80 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किए, जबकि दिनेश प्रताप सिंह ने 38.36 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 367,740 वोट हासिल किए। पार्टी के गढ़ में चुनाव लड़ते हुए सोनिया गांधी बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ 1,67,178 वोटों के अंतर से जीत हासिल करने में कामयाब रहीं। भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश के रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज से करण भूषण सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा की। दिनेश प्रताप सिंह ने इससे पहले

2019 का आम चुनाव रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था, जहां वह कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से हार गए थे। दूसरी ओर, करण भूषण सिंह को उनके पिता, पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष, बृज भूषण सिंह की कैसरगंज सीट दी गई है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, सोनिया गांधी ने 534,918 वोट और 55.80 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किए, जबकि दिनेश प्रताप सिंह ने 38.36 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 367,740 वोट हासिल किए। पार्टी के गढ़ में चुनाव लड़ते हुए सोनिया गांधी बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ 1,67,178 वोटों के अंतर से जीत हासिल करने में कामयाब रहीं।

पीएम ने मास रेपिस्ट के लिए वोट मांगकर महिलाओं का अपमान किया, हाथ जोड़कर मांगे माफी :राहुल

शिवमोगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि हासन जद (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं के साथ बलात्कार किया और उनके वीडियो बनाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना के लिए वोट मांग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी महिलाओं का अपमान किया है, उन्हें देश की महिलाओं से हाथ जोड़कर, सिर झुकाकर माफी मांगनी चाहिए। नरेंद्र मोदी भरे मंच से उस

बलात्कारी का समर्थन करते हैं और कहते हैं-अगर आपने इस बलात्कारी को वोट दिया तो मेरी मदद होगी। कर्नाटक के शिवमोगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने यह बातें कहीं। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के संरक्षक एच डी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। कथित तौर पर 33 वर्षीय सांसद से जुड़े कई स्पष्ट वीडियो क्लिप हाल के दिनों में हासन में प्रसारित होने लगे थे। वह हसन लोकसभा क्षेत्र में एनडीए के उम्मीदवार थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जेडी (एस) पिछले साल सितंबर में एनडीए में शामिल हुई थी। राहुल गांधी ने कहा, पीएम को भारत की माताओं और बहनों से भी माफी मांगनी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं से बलात्कार किया और वीडियो बनाये।

दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का जवाब लोग अपने वोट से देंगे : सुनीता

अहमदाबाद। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। सुनीता के साथ चुनावी दौरे पर गए ह्यआपह्न के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इन बयानों के लिए उन पर निशाना साधा कि वह धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने देंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि लोग समझदार हैं और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डालने के भाजपा के कदम का जवाब अपने वोट से देंगे। वह गुजरात के भरूच और भावनगर संसदीय क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियों में शामिल होने से पहले अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचीं। उन्होंने हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से कहा, ह्यह्यउन्होंने (भाजपा ने) अरविंद केजरीवाल को चुनाव के समय बलपूर्वक जेल में डाला है ताकि उनकी आवाज जनता तक नहीं पहुंचे। लेकिन लोग बहुत समझदार हैं और वे अपने वोट से जवाब देंगे। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। सुनीता के साथ चुनावी दौरे पर गए आप के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इन बयानों के लिए उन पर निशाना साधा कि वह धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने देंगे। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि उन्हें ये सारी बातें चुनाव से पहले ही क्यों याद आती हैं?

Editorial

Scare visits schools

Amid an unanticipated cloud of fear, nearly 100 schools in Delhi and the National Capital Region (NCR) sent students home early Wednesday upon receiving a bomb threat via email. The police conducted thorough searches, but found nothing suspicious. The scare has sent shockwaves through the community, leaving parents, educators and students grappling with a harrowing reality: The threat of terror is no longer a distant concern but a chilling presence in our midst. The sanctity of schools, once regarded as a safe haven for learning and growth, has been compromised. As we confront this sobering reality, it is imperative that we do not succumb to despair but unite in resilience and resolve. Foremost, we must commend the swift response of school authorities and law enforcement agencies in addressing these threats. Their coordinated efforts have undoubtedly helped reassure people. More importantly, our intelligence agencies need to put their act together; they are the ones who should have seen it coming. We do not have enough specific information to process at the moment and no clue about the intention or the identity of the perpetrator(s); we don't know if it was a real threat or just a mischievous element playing mind games, but such threats cannot be taken lightly, especially when human lives are at risk. The threat emails, reportedly emanating from a Russian IP address, were well-planned and coordinated. Shooting in the US schools is rather rampant; Indian schools are much safer and should stay that way. All we have to do is be vigilant. Also, this small win should not lull us into complacency. We must remain vigilant and proactive in fortifying the security infrastructure of our educational institutions. Beyond bolstering physical security, we must also invest in fostering a culture of vigilance and preparedness within our school communities. Educators play a pivotal role in equipping students with the knowledge and skills to recognise and respond to potential threats. Empowering students with safety protocols and encouraging open dialogue can go a long way in mitigating the impact of terror-induced anxiety. It is equally important that we address the root causes of such terror acts. Socio-economic disparities, marginalisation and ideological extremism often serve as fertile breeding grounds for radicalisation. By addressing these underlying issues through comprehensive social policies and inclusive education, we can strive towards building a more resilient and harmonious society. It is equally important to remain calm and not panic. In times of crisis, it is easy to succumb to fear and division. However, we must remember that our strength lies in our unity and resilience. Now more than ever, we must stand in solidarity with one another, refusing to be cowed by the forces of terror. Together, we can create a future where every child can pursue their education without fear and where schools are not battlegrounds but beacons of hope and enlightenment.

Democracy, economics and governance

As India goes ahead with its 18th General Elections, the nation finds itself at a crossroads of democracy, economics and governance. The elections, spanning 44 days from April 19 to June 1, are poised to be the lengthiest in Indian history, reflecting both the enormity of the task at hand and the significance of the decisions to be made. Against the backdrop of a burgeoning economy, evolving political landscapes and pressing social challenges, the intersection of elections, electioneering and the economy warrants scrutiny. The magnitude of election expenditures provides a glimpse into the economic dynamics surrounding the electoral process. According to the Centre for Media Studies (CMS), the anticipated expenditure for the 2024 Lok Sabha elections is staggering, surpassing Rs 1.35 lakh crore. This figure, more than double the amount spent in 2019, indicates to the monumental scale of electoral spending in the world's largest democracy. With a projected voter base of 96.6 crore, the per-voter spending is estimated at around Rs 1,400, signifying both the financial investment and the democratic imperative of ensuring widespread participation. However, it's worth noting that the Election Commission's expenditure is expected to constitute only a fraction of the total outlay, pointing towards the diverse economic activities spurred by the electoral process. The Election Commission tirelessly strives to facilitate universal suffrage across the nation. Recognising the pivotal role of public figures in shaping civic consciousness, the Commission enlisted the famed actor Rajkumar Rao as its 'national icon' to galvanise youth engagement and voter turnout as the country approaches the general elections. Rao's portrayal of a dedicated poll officer in the acclaimed film 'Newton,' a poignant exploration of electoral challenges in a Naxal-affected region, resonated deeply with young voters. However, despite the cinematic depiction of electoral fervour, the anticipated 'Newton effect' has yet to materialise in voting patterns in two phases so far. Nonetheless, the indomitable spirit of election officers persists, as they traverse treacherous terrain and surmount logistical obstacles to ensure the integrity of the electoral process. Electioneering acts as a catalyst for various sectors of the economy, fostering growth and employment opportunities across the spectrum.

From hospitality and transportation to textiles and advertising, the ripple effects of political campaigns are palpable. As political parties vie for voter attention, rallies, events and promotional activities proliferate, injecting vitality into local economies and stimulating demand for goods and services. Moreover, the advent of digital campaigning has revolutionised the electoral landscape, with professional agencies employed to enhance brand visibility and engagement. The economic dividends of such strategies are evident, as digital platforms emerge as potent tools for political communication and mobilisation. Amidst the fervour of electoral competition, political manifestos serve as blueprints for governance, delineating policy priorities and economic agendas. The contrasting visions articulated by major political parties underscore the divergent approaches to addressing pressing socio-economic challenges. The Bharatiya Janata Party (BJP), buoyed by its track record and incumbent status, advocates for policy continuity and fiscal consolidation. With Prime Minister Narendra Modi's emphasis on infrastructure development and economic reforms, a BJP-majority Government is poised to prioritise private investment and fiscal prudence, thereby fostering economic stability and growth. Conversely, the Indian National Congress or INDI Block champions a progressive agenda focused on job creation, social welfare and agrarian reforms. Proposals such as Government-led employment initiatives, minimum support price guarantees and education loan waivers underpin the Alliance's commitment to inclusive growth and equitable development. While political rhetoric often dominates electoral discourse, the economic imperatives transcending partisan lines merit attention. Issues such as water scarcity, climate change and unemployment pose formidable challenges to India's socio-economic fabric, necessitating concerted action beyond the electoral cycle. The water crisis in cities like Bengaluru serves as a poignant reminder of the urgent need for sustainable resource management and climate resilience. Yet, the conspicuous absence of these issues from political manifestos is very disheartening. There is an urgent need for non-partisan dialogue and policy discourse on environmental sustainability and socio-economic resilience. As India embarks on its electoral journey, the confluence of elections, electioneering and the economy offers both opportunities and challenges. While the democratic process catalyses economic activity and political discourse, the imperatives of inclusive and sustainable development transcend electoral cycles. By transcending electoral exigencies and embracing a shared vision of progress, India can realise its aspirations for a vibrant democracy and a prosperous future for all.

Plug leakages in fertiliser subsidy

As part of the 100-day agenda of Modi 3.0, the Government intends to administer fertiliser subsidies more effectively and cut down on leakages and diversions to build on the success of neem-coated urea. It intends to conduct a pilot in a few districts on a modified version of the direct benefit transfer (DBT) that seeks to establish a linkage between the land holding of a farmer and nutrient consumption. A proposal in this regard mooted in 2020 is being resurrected. To make urea - a widely used fertiliser that supplies primary nutrient nitrogen or 'N' and constitutes nearly half of India's total fertiliser consumption - affordable to farmers, the Union Government controls its maximum retail price (MRP) at a low level unrelated to the cost of production/import and distribution, which is much higher. The excess cost over MRP is reimbursed to the manufacturer/importer as a subsidy which varies from unit to unit depending on its cost. The MRP of urea is kept unchanged (today's price is more or less the same as in 2002) even as all cost escalations are absorbed by raising the subsidy. In the case of fertilisers supplying phosphate or 'P' and potash or 'K' which constitute the other half (call them non-urea fertilisers), there is a 'uniform' subsidy on a per nutrient basis for all manufacturers under the Nutrient Based Subsidy (NBS) Scheme. They are free to fix MRP but need to reduce it to the extent of subsidy. Even as the subsidy remains unchanged, rising costs mean ever-increasing MRPs. The Department of Agriculture and Co-operation (DoAC) - in consultation with states - assesses the requirement of fertilisers for each cropping season - kharif (April to September) and rabi (October to March). The Department of Fertilisers (DoF) prepares an agreed supply plan to cover all the urea requirements from domestic production and import. The states allocate all of the urea arrivals and track disbursal up to the district level. The DoF has developed a mobile and a web application - a mobile Fertiliser Monitoring System (m-FMS) that provides information on stock, sale and receipt of fertilisers till the last retail point. The total expenditure on fertiliser subsidy - on both urea and non-urea fertilisers put together - is around Rs 200,000 crore annually. Now, when the Government talks of leakage and diversion, we are reminded of the Economic Survey 2015-16 which said as much as 24 per cent of the subsidy is spent on inefficient producers, 41 per cent is diverted to non-agricultural uses including smuggling to neighbouring countries and 24 per cent is consumed by larger, presumably richer farmers. That leaves a tiny 11 per cent going to small and marginal farmers who constitute the vast majority i.e. nearly 86 per cent of the total number of farmers. At a fundamental level, leakages are inherent in the way the administration of fertiliser subsidies is designed. The Government asks manufacturers to sell fertiliser at a low price - a price it thinks farmers can afford. Having sold at this price, the latter claims from the former an amount equal to the excess of the cost of supply over it as a subsidy. The subsidy could have been given to the farmer directly say, by depositing the money in her bank account. But, for decades, successive Governments have preferred to route it through manufacturers. Having to deal with a handful of manufacturers instead of crores of farmers (that would have been the case if the subsidy were to be given to them directly), they have found this arrangement convenient. But, there is a big negative to it. Since the subsidy is embodied in the MRP (albeit low), the subsidised fertiliser product must reach the farmer and be used only for growing the crop. If it doesn't reach, then the benefit of subsidy is enjoyed by the person who grabs it. After leaving the factory or the port (in case of imported stuff), fertilisers travel a long distance moving by rails/roads to reach storage points in the district and further movement to retail outlets for sale to the farmers. In the initial years of the fertiliser pricing and subsidy scheme (it was introduced in 1977 for urea and 1980 for other fertilisers), manufacturers were given the bulk of the subsidy on the 'dispatch' of the material from the factory. In due course, the Government shifted to disbursing 95 per cent of the subsidy to urea producers and 85 per cent to producers of non-urea 'on receipt of material at a district's railhead point/approved godown' (balance 5 per cent/15 per cent was paid on confirmation of sales to farmers by states). In March 2018, the Government made disbursal of subsidies to manufacturers conditional upon actual sales to farmers and these getting registered on point-of-sale (PoS) machines.

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों का आरोप झाड़ू पोछा और कराई जाती है सफाई रात को कोई अनजान व्यक्ति डरने का कर रहा प्रयास

सिकंदर राजा
क्यों लिखूं सच

मुरादाबाद न्यूज। मुरादाबाद खुशहालपुर गली न 4 बसन्त विहार मुरादाबाद की निवासी प्रार्थिनी का आरोप है कि उन्होंने अपनी बेटी कार्तिका कश्यप का कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विधालय फैजगाज के कक्षा 6 एडमिशन कराया था आरोप है कि गर्ल्स हॉस्टल में बच्चों से साफ सफाई कराई जाती है और रात में कोई अनजान व्यक्ति बच्चों को डराने का प्रयास कर रहा है पीड़ित परिवार का आरोप हैं की लगभग 20 दिन पहले उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ने के लिए मुगलपुरा क्षेत्र कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हॉस्टल में भेजा था आरोप है कि उनकी बेटी कार्तिक ने बताया है हॉस्टल के अंदर कुछ गलत हो रहा है प्रार्थिनी का कहना है की 26/05/2024 को वे अपने बच्ची को लेकर कॉलेज से आयी थी क्योंकि मेरे माता–पिता कामाख्या मन्दिर (गुवाहाटी) दिनांक 22.4.2024 को यात्रा पर गये थे में अपनी बेटी कार्तिका से मिलने गई थी उस समय बच्चों का पेपर चल रहा था। मेने देखा कि 4–5 लड़कियाँ बाहर से गर्ल्स हॉस्टल के अन्दर आ रही है वह लड़कियाँ ड्रेस में न होकर विदाउट यूनिफार्म में थी प्रार्थिनी का आरोप है कि हमने अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में प्रधानाचार्य से पूछा था तो उन्होंने बताया था कि इस गर्ल्स हॉस्टल से बच्चा गेट तक भी बाहर नही जाता ना कोई अंदर आता लेकिन फिर ये बाहर से लड़कियाँ कैसे अंदर आ रही है पीड़ित ने फिर भी यह देखकर अपनी बच्ची को दिनांक 24.4.2024 तो वापिस गर्ल्स हॉस्टल भेज दिया फिर उसके बाद बे रविवार को अपनी बच्ची से मिलने के लिए पहुंची

प्रार्थिनी का कहना है कि मेने अपनी बच्ची से बातचीत की

तो मेरी बच्ची बहुत घबराई और सहमी हुई दिख रही थी

क्योंकि मेरे माता–पिता 30/04/2024कामाख्या मन्दिर से यात्रा करके लौटे थे क्योंकि कन्या–पूजन के लिए में अपनी बच्ची को घर लेकर आई थी वही उस दिन मुझसे मैडम ने कहा कि आप बच्ची को नही ले जा सकते उन्होंने कहा अगर शाम तक वापिस छोड़कर जाओ तो बच्ची को ले जाओ अन्यथा मत ले जाओ। प्रार्थिनी का आरोप है की मेरी बेटी ने 2 दिन से कुछ नहीं खाया था मैं इस बारे में स्कूल वालों से पूछा तो उन्होंने मुझे कोई जानकारी नहीं दी साहब मेरी बेटी गुमशुम और डरी हुई थी। मैंने घर आकर अपनी बेटी से पूछा तो मेरी बेटी ने बताया मम्मी मुझे बुखार आ गया था और मैं 2 घंटे के लिए बेहोश हो गई थी। जहाँ पर बच्चे सोते थे वहाँ के कमरों की लाईटें भी बंद रहती थी प्रार्थिनी ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सोमवार की रात मेरी बेटी कार्तिका ने बताया कि मेरे और अन्य चार बच्चियों के अर्धरात्रि में किसी ने बाल भी खींचे थे लेकिन हमें पता नहीं चला की कौन व्यक्ति हे और हम बच्चे रात में रोने लगे। बच्चों का यह भी कहना है की कई बार बच्चों को कोई बाल लटकाकर खिड़कीओ पर डरने का प्रयास कर रहा है जब हमारे बच्चों ने इसकी शिकायत टीचर से की तो उल्टा ही टीचर ने यह कह दिया ऐसा तो होता रहता है कि अगर आप यहाँ से नाम कटाओगे तो तुम्हारे मम्मी–पापा को 03 साल की जेल करा देंगे। प्राथमिक का यह भी कहना है कि जब–जब मैं अपनी बच्ची से मिलने गयी हूँ तो वहाँ का गार्ड कहता है कि आप दोपहर में मत आया करो और यहां पर माता–पिता आ जाना भी मना था। और इस गर्ल्स हॉस्टल के लोग बच्चों से पैनल्टी की भी वसूली कर रहे है पेरेंट्स का कहना है कि हम अपने बच्चों को स्कूल से निकालने को कहते है तो प्रधानाचार्य कहती है हम बच्चों की टी.सी.नही देंगे। आपको बता दे इस घटना के बाद दो दो पीड़ित अभिभावको ने अपनी दो बच्चियों का नाम गर्ल्स हॉस्टल से कटवा दिया है दरअसल इस पूरे प्रकरण मे बबीता कश्यप और कोमल सिंह ने मुरादाबाद जिलाधिकारी के साथ–साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र देते हुए कहां है कि कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विधालय की जाँच कराई जाए और हमें न्याय दिलाने की कृपा की जाए।

मा0 प्रेक्षक की अध्यक्षता में पंचायत भवन में माइक्रो ऑब्जरवर्स की ट्रेनिंग कार्यशाला आयोजित

मुरादाबाद –मा0 सामान्य प्रेक्षक लोक सभा संसदीय क्षेत्र सम्भल श्री अमित कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में माइक्रो ऑब्जरवर्स की ट्रेनिंग संबंधी कार्यशाला आयोजित हुई। ट्रेनिंग में सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कुशलतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मा0 निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें तथा अपने दायित्वों का अच्छे से निवर्हन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन कार्यो को निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ संपादित करें। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जरवर मतदान के दिन मतदान केन्द्र के सभी मतदेय स्थलों पर नियमित नजर रखकर पर्यवेक्षण का कार्य करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों को अनुपालन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण एम0पी0 सिंह, एलडीएम विशाल दीक्षित, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सहित माइक्रो ऑब्जरबर उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने मण्डी समिति स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण

मुरादाबाद –जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने मण्डी समिति में बनें स्ट्रांग रुम एवं सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर सुरक्षा कर्मी मौजूद रहें।

जब सरकारें फैसला करने लगे तो अदालतों की जरूरत नहीं...सपा सांसद डॉ. एसटी हसन का विवादित बयान

मुरादाबाद,। लोकसभा चुनाव के दौरान अतीक,अशरफ, शहाबुद्दीन और आजम खान के नाम पर वोट मांगने को लेकर मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन से पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा अब अदालतों को बंद करने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा की जब सरकारें ही फैसला करने लगें तो फिर आदालतों की जरूरत क्या है? उन्होंने कहा चाहें अतीक हो, चाहें वो मुख्तार हो या कोई और हो। अदालतें फैसला करें। उनका जुर्म साबित हो तो उनको फांसी लगा दें। लेकिन उल्टे तरीके से किसी को जहर दे देना। या किसी को पुलिस कस्टडी में गोलियों से सरेआम मरवा देना। क्या, ये लोकतंत्र ने अंदर जायज है। उन्होंने कहा की हम ये नहीं कहते, अतीक या और कोई दूध के धुले हुए थे। लेकिन, हम ये कहते हैं कि अदालतों से इंसाफ होने चाहिए था। न की सरकारी तंत्र से इंसाफ हो। सपा सांसद ने कहा लोकतंत्र को बचाने के लिए बीजेपी को हटा दिया जाए। लोकतंत्र मजबूत होगा तो अदालतें भी मजबूत होंगी और अपने फैसले सुनाएंगी हर क्रिमिनल को, और अगर कोई बेकसूर है तो उसे छोड़ेंगी भी।

गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजी बुद्धि विहार की झील

मुरादाबाद। बुद्धि विहार की झील पर रात में जमकर बवाल हुआ है। झील पर मौजूद लोग मारपीट और गोलियों की तड़तड़ाहट से भय खाकर भाग गए थे। कई युवकों ने पहले एक व्यक्ति से गाली–गलौज की और फिर उसे घेरकर डंडों से मारापीटा। बचाव कर भाग रहे पीड़ित पर फायरिंग की। युवक के कार पर बैठ लेने के बाद भी आरोपी ड्राईवर सीट के पास आकर उसे मारने लगे। भयभीत युवक कार की रेस बढ़ाकर भागने लगा तो आरोपियों ने दौड़ाकर उस पर कई राउंड फायरिंग की। बताया जा रहा है कि कई गोलियां उसकी कार पर लगी हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर तनुष चौधरी की ओर से दर्ज की गई है। तनुष छजलैट थाना क्षेत्र के गांव छज्जा नगला के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह बुधवार रात में अपने मित्र विक्रांत के साथ बुद्धि विहार में स्थित झील पर खड़े थे। मौके पर वरुण ठाकुर, प्रकाश पहाड़ी, पीयूष व अन्य 6–7 युवक थे। इन लोगों ने पहले उनसे गाली–गलौज किया ओर जब तनुष ने गाली न देने को कहा तो आरोपी उन पर डंडे से हमला बोल दिए थे। आरोप है कि हमलावरों ने उसके दोस्त विक्रांत को भी मारापीटा है। जान से मारने की नियत से हमलावरों ने झील परिसर में ही कई राउंड फायर किए हैं। इससे वहां मौजूद अन्य लोग महिलाएं, बच्चे व पुरुष भयभीत होकर भागने लगे थे। तनुष ने बताया कि जब वह बचाव करते हुए मौके से भागकर अपनी कार में बैठने लगे तो आरोपियों ने उनकी ड्राइवर साइड में आकर हमला कर दिया। कई डंडे मारे। फिर वह बिना परवाह किए कार भगाने लगे तो आरोपियों ने पीछे से कई राउंड गोलियां दागीं जो पीछे कार में भी लगी हैं।

गर्मी में बढ़ने लगी डायरिया के मरीजों की संख्या, चिकित्सक दे रहे सावधानी बरतने की सलाह

मुरादाबाद,। मई की शुरुआत होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। तेज धूप के बीच हवा के तल्ख होते तेवरों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। इस बीच गर्मी बढ़ने से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। जिसके चलते जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में डायरिया व वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पिछले कई दिनों से गर्मी लगातार बढ़ रही है। अब मई शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन उससे पहले ही जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में डायरिया, वायरल बुखार व अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों का तांता लग रहा है। अगर बात करे बुधवार की तो जिला अस्पताल में एक दिन में 10 मरीज भर्ती हुए है। जिसमें 50 मरीज सिर्फ डायरिया के है। वार्डों में मरीज बढ़ने से बेड फुल हो जाने के हालात बन गए हैं। इमरजेंसी में संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में भी बेड लगभग फुल होने लगे है। रोजाना मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ने के मद्देनजर वार्डों व इमरजेंसी में मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी बढ़ा दी गई है। अस्पताल में दवाओं व आईबी फ्लूड की खपत कई गुना बढ़ गई है। जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल के वार्डों में अब ज्यादा संख्या में मरीज भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गंभीर मरीजों को भर्ती करने में समस्या न आए इसके लिए जो मरीज घर पर इलाज से ठीक हो सकते हैं, उन्हें जरूरी दवाएं देकर भेजा जा रहा है।

हादसे का शिकार होने से बची नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस

मुरादाबाद,। देहरादून से काठगोदाम जाने वाली नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस देर रात हादसे का शिकार होने से बच गई। रेलवे प्रशासन ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ आरपीएफ में एफआईआर दर्ज कराई है। आरपीएफ कमांडेंट त्रिलोक सिंह रावत ने बताया की ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना दी है की ट्रेन के आगे पटरियों पर पत्थर पड़ा होने की वजह से ट्रेन को हादसा होने से पहले स्पीड कम कर रोक लिया गया। जिसकी वजह से ट्रेन कुछ देर लेट भी हुई। जिसकी वजह से आरपीएफ ने रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरपीएफ कमांडेंट त्रिलोक सिंह रावत ने बताया की पत्थर कहां से आया और कैसे ट्रेन की पटरी पर आने के बाद ट्रेन के पहियों में फंसा ये जांच का विषय है। दरअसल, ट्रेन संख्या 12091 नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस रात देहरादून से काठगोदाम के लिए रवाना हुई। बताया गया कि ट्रेन जब स्योहारा रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची तो पटरियों पर बड़े पत्थर रखे हुए थे। लेकिन, ट्रेन के ड्राइवर ने दूर से ही पत्थरों को भाप लिया और ट्रेन को हल्का कर दिया। जिससे ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई। बताया गया कि यदि ड्राइवर पत्थरों को नहीं देखे तो ट्रेन पटरी से उतर सकती थी। लेकिन, ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन देहरादून से काठगोदाम के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में स्योहारा रेलवे स्टेशन के नजदीक अचानक पटरी पर पत्थर आ गए, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

रेप पीड़िता को तीन साल बाद मिला इंसाफ, दोषी याकूब को 14 साल की सजा

मुरादाबाद। युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में अदालत ने तीन साल बाद आरोपी को 14 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीड़िता के पिता ने छजलैट थाने में 11 जनवरी 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि पिता के बयान बदलने और झूठी गवाही देने के बाद कोर्ट ने वादी के खिलाफ भी प्च्ब की धारा 344 के तहत कार्रवाई की। इस मामले की शुरुआत 08 जनवरी 2021 की दोपहर से हुई। जब मुकदमे में वादी अपने खेत पर जुताई कर रहा था। तभी थाना छजलैट के गांव पूरी रावड़ा के रहने वाले याकूब उनके पास आए और इधर–उधर की बातें करने लगे इसी दौरान उन्होंने कहा कि तुम्हारी बेटी की शादी में सरकार की तरफ से मिलने वाला विवाह अनुदान का डेढ़ लाख रुपए में आपको दिलवा सकता हूं। पिता राजी हो गए और उसी दिन शाम के वक्त आरोपी याकूब वादी के घर जरूरी दस्तावेज लेने पहुंच गया। घर से दस्तावेज लेकर आ गया। 11 जनवरी की शाम आरोपी याकूब ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए वादी की बेटी को अपने घर बुला लिया। वादी की बेटी अपने छोटे भाई के साथ याकूब के घर पहुंची, जहां याकूब ने छोटे भाई को घर के बाहर खड़ा कर दिया और युवती को कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना की जानकारी उसने अपने छोटे भाई को न बताकर अपने घर पहुंच कर पिता को दी। पुलिस ने उसी दिन 11 दिसंबर को थाना छजलैट में आरोपी याकूब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी याकूब को जेल भेज दिया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार यादव के मुताबिक, इस मामले में वादी पक्ष अपने बयान से मुकर गया था, पक्ष विरोधी हो गए थे। लेकिन, पीड़िता पूरी तरह से मजबूती से अपने पक्ष रख रही थी। रेप पीड़िता ने कोर्ट में यह भी बताया था कि उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी याकूब ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने किसी से इस बात का जिक्र किया तो उसे जान से मार देगा। अदालत ने पूरे मामले को सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया और 14 साल की आजीवन कारावास की सजा के साथ 27000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जबकि वादी के पक्ष विरोधी होने पर कोर्ट ने वादी के खिलाफ भी आईपीसी की धारा 344 के तहत कार्रवाई की है। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट फर्स्ट मोहम्मद फिरोज की अदालत में चल रही थी। मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में 31 अगस्त 2021 में शुरू हुई। तीन साल तक गवाहों और सबूतों के मद्देनजर आरोपी के ऊपर आरोप तय हुए। इसमें पांच गवाह पेश किए गए। जिसमें पीड़िता के पिता और पीड़िता के अलावा चिकित्सक और पुलिसकर्मियों की गवाही अदालत में हुई। चिकित्सक की गवाही मे दुष्कर्म की घटना की पुष्टि हुई। जिसके बाद कोर्ट ने दोषी को सज़ा सुनाई और तीन साल बाद दोषी अपने अंजाम तक सलाखों के पीछे पहुंच गया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

संक्षिप्त खबरें

ट्रांसफार्मर जलने से पानी सप्लाई बाधित

खबर श्रावस्ती उत्तर प्रदेश
रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। विकास खण्ड जमुनहा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पटना के मजरा वीरगंज बाजार ब्लाक मुख्यालय के बगल में बनाई गयी पानी की टंकी में लगा 63 केवी ट्रांसफार्मर तीन दिनों से जल गया है। भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत पटना के करीब पांच हजार से अधिक आबादी के लोग तथा वीरगंज बाजार में आने जाने ग्राहकों तथा मल्हीपुर बैरियल चौराहा बस अड्डे पर सैकड़ो राहगीर पानी न मिलने से परेशान है। सबसे बड़ी समस्या छुट्टा मावेशी के लिए है। पानी टंकी खराब होने से लोगो को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है तीन दिनों से खराब पड़े ट्रासफार्मर को ग्रामीणों ने बदलवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

अधिवक्ता के आकस्मिक निधन से दौड़ी शोक की लहर

रिठौरा। अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर वृहस्पतिवार को कुंवरपुर बंजरिया में क्षेत्र पंचायत सदस्य नाजिम अली के निवास पर अधिवक्ता बालकृष्ण राणा एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्री राणा के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया।शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य नाजिम अली, माजिद अली ,इमरान रजा, एडवोकेट आबिद रजा, एडवोकेट रजनी पटेल, एडवोकेट वीरपाल पटेल, नरेंद्र पटेल, बजरुल हसन, सज्जाद अली ,एडवोकेट राशिद अली, एडवोकेट मोहम्मद जावेद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हनींफ सिद्दीकी, एडवोकेट मोहम्मद आरिफ शेख ,एडवोकेट पीके गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

खेतासराय, जौनपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में गुरुवार को स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपित गैंग लीडर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी और गैंग लीडर मझौरा निवासी अफरोज उर्फ बब्लू उर्फ वसीम जफर पुत्र हकीमुद्दीन की तलाश थी। सुबह मनेछा मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके विरुद्ध स्थानीय और मुंगराबादशाहपुर थाने में हत्या, मारपीट, आर्म्स एक्ट समेत डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

केराकत यूनियन बैंक का एटीएम मशीन बना शो पीस

केराकत, जौनपुर। केराकत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम मशीन खराब होनें से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजे की बात तो यह है कि केराकत यूनियन बैंक की शाखा अपने कारनामों की वजह से हमेशा चर्चा में रहता है। जैसे पासबुक बनवाने को लेकर, खाता बन्द हो जाये तो चालू करानें को लेकर यह बैंक हमेशा चर्चा में रहता है। इसका कारण बैंक में बैठे कर्मचारियों की मनमानी बताया जाता है जबकि केराकत तहसील से सटा हुआ बैंक है। फिर भी इस बैंक से जुड़े हुए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन खराब होने के कारण बन्द पड़ी हुई है। इस वजह से जरुरत मंदों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां जनता पस्त हैं वहीं बैकं के कर्मचारी अपने में मस्त हैं। बैंक से जुड़े हुए कुछ खाताधारकों ने बैंक के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है ताकि लोगों को हो रही दिक्कतों से निजात मिल सके। खाताधारको ने मांग किया गया है कि बंद पड़े एटीएम मशीन को तत्काल चालू कराया जाये जिससे आम लोगो को लाभ मिल सके।

डॉ0 दिलीप कुमार सिंह डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नियुक्त

जौनपुर। जनपद के बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ0 दिलीप कुमार सिंह को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व डॉ0 दिलीप कुमार सिंह 1992 से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जूरी जज संधि कर्ता मध्यस्थता अधिकारी, सदस्य माइक्रो लीगल कमेटी पैनल लायर, जेल विजिटर, सदस्य स्पेशल फार चिल्ड्रन मिसिंग सेल एवं किशोर न्याय बोर्ड जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया जा चुका है और वर्तमान में वे जनपद न्यायालय जौनपुर में मध्यस्थता केंद्र में नियुक्त थे। डॉ0 दिलीप कुमार सिंह के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नियुक्त किए जाने पर उनको सभी शुभचिंतकों मित्रगण सगे संबंधी लोगों एवं प्राधिकरण तथा न्यायालय से जुड़े लोगों और सम्मानित अधिवक्तागण मीडिया जगत के पत्रकारों के द्वारा बधाईया और शुभकामनाएं दी गई है।

अघोरेश्वर बाबा सिद्धार्थ राम का मनाया गया अवतरण दिवस

जौनपुर। बाबा कीनाराम अघोर पीठ आश्रम विशेषरपुर मठ पर क्रीं कुण्ड आश्रम के पीठाधीश्वर अघोरेश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के अवतरण दिवस पर कीर्तन, हवन, पूजन हुआ जहां केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इसी क्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह में विशाल भण्डारा एवं चिकित्सा शिविर का भी आयोजन हुआ जहां लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुये मजदूरों को गमछा भी वितरित किया गया। शिविर में डॉ. रविशंकर सिंह ने सभी की जांच किया जिसके बाद मां तारा हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. राकेश सिंह, डॉ. आशुतोष झा, नेहा कुमारी, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. योगेश सिंह, डॉ. संजय सिंह, डॉ. रामराज सिंह, आरआर सिंह, डॉ. किरण, डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष सिंह ने लोगों की जांच कर परामर्श भी दिया। इस अवसर पर राय साहब सिंह, डॉ. कीर्ति सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रविंद्र सिंह, उमा सिंह, अशोक सिंह, राजेंद्र मिश्रा, डॉ. अशोक, रत्नेश दुबे, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, राजू श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, जय प्रकाश, अवधेश तिवारी, रमेश मिश्रा, हरिशंकर आचार्य, आनंद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

खेत की पराली जलने की चपेट से एक फूस का मकान राख

खबर श्रावस्ती उत्तर प्रदेश
रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती मैदानी क्षेत्रों में गेहूं के डंठल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे खेत के डंठल के साथ एक फूस का मकान जलने लगा। जिसपर पुलिस चौकी के जवान, दमकल व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक घर में रखा गृहस्थीका सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी परसा डेहरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलीनगर के मजरा त्रिभुवन नगर के खेत के मैदानी क्षेत्र में अज्ञात कारण से गेंहू के डंठल में आग लग गयी। जिसकी सूचना परसा डेहरिया पुलिस चौकी प्रभारी श्याम देव यादव, हेड कस्टेबल अविनाश यादव, कांस्टेबल संतोष कुमार मौके पर पहुंचकर दमकल को सूचना दिया। वहीं जिसकी चपेट मे इसी गांव त्रिभुवन नगर निवासी लल्लू पुत्र नज्जू का का सारा समान व जेवरात सहित नकदी जलकर राख हो गया। जबकि खेतो में अभी भी आग दहक रही है। तो वहीं तो वहीं इसी थाना क्षेत्र के अमरहवा, हरिहरपुर महाराजनगर, बरुहा में भी दोपहर खेत के मैदानी क्षेत्र में गेहूं के डंठल में आग लग गई। जिससे सारा डंठल जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम में वाहन चालक शत्रुघन यादव के साथ फायर मैन दीपक अवस्थी, राज कुशवाहा, संजय कुमार ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह का समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

खेतासराय, जौनपुर। पूर्व सांसद का बृहस्पतिवार की दोपहर नगर के मुख्य चौराहे पर गर्म जोशी से स्वागत पूर्व सांसद ने समर्थकों का अभिवादन किया वह सड़क मार्ग से खेतासराय की तरफ से जौनपुर जा रहे थे। पूर्व सांसद धनंजय सिंह समर्थकों के साथ शाहगंज से जौनपुर जा रहे थे तभी पहले से खड़े समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया श्री सिंह अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यातपर्ण करते हुए आगे बढ़ गए। उधर गुरैनी बाजार में उत्साहित समर्थकों ने पूर्व सांसद का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया वह लोगों से मिलते हए जौनपुर प्रस्थान कर गए ज्ञात हो कि पूर्व सांसद की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला रेड्डी बीएसपी के टिकट पर जौनपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में ताल ठोक रही है जिनके समर्थन में पूर्व सांसद के समर्थक उतहित हैं। स्वागत करने वालो में दीनानाथ राजभर,शम्भू गौतम,कमालुद्दीन,रियाज़ अहमद,डॉ0 मीशम अली, सैय्यद मोनिस,महेन्द्र गैतम,किशन गौतम,धर्मेंदर कुमार,मो हाशिम, आदि लोगों ने स्वागत किया।

वोट के लिए छात्र-छात्राओं ने किया मतदाताओं को जागरूक

जौनपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों जोरों पर हैं। इस बीच चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मां वैष्णवी महाविद्यालय करंजाकला के छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इन दौरान विद्यार्थी तरह– तरह के स्लोगन बोलते हुए सड़क पर उतरे। अपनी ही सरकार है– वोट देना अधिकार है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो... यह नारे लगाते हुए बृहस्पतिवार को करंजाकला बजार की सड़कों पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रैली निकाली। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मां वैष्णवी महाविद्यालय से निकली और करंजाकला बाजार में गई। छात्र–छात्राओं ने लोगों को मताधिकार की महत्ता समझाते हुए शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रबंधक रामानंद यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद आकर्षक स्लोगन के साथ छात्र–छात्राएं सड़कों पर उतरे।

तांत्रिक हत्याकांड में अभियुक्त पक्ष से बहस प्रारंभ

जौनपुर। जनपद के तांत्रिक हत्याकांड में गुरूवार को एडीजे चतुर्थ की कोर्ट में अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता द्वारा बहस की गयी। मुकदमें में बहस हेतु अगली तिथि 06 मई को निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि तांत्रिक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ.रमेश चन्द्र तिवारी "गुरू जी" की निर्मम हत्या 15नवम्बर 2012 को उनके पैतृक आवास सरपतहां थाना क्षेत्र स्थित ऊंचगांव में उस समय की गयी जब वे अपने लोगों के साथ दरवाजे पर बैठकर धर्म की चर्चा कर रहे थे।पुलिस की वर्दी पहनकर दरवाजे पर पहुंचे बाइक सवार दो पेशेवर शूटर शेरू सिंह और विपुल सिंह द्वारा गुरू जी को कारबाइन से ताबड़तोड़ गोली चलाते उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। गोली चलने की आवाज सुनकर बचाव के लिए दौड़कर आये उनके भाई राजेश तिवारी को शूटरों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। हत्याकांड में कुल 14 अभियुक्त प्रकाश में आये। जिसमें उक्त दो पेशेवर शूटर शेरू और बिपुल सिंह के अलावां हत्याकांड के मुख्य आरोपी स्थानीय थाना क्षेत्र के जमौली गांव निवासी धीरेंद्र सिंह और उनके पिता झारखंडे सिंह तथा ऊंचगांव निवासी लाल शंकर उपाध्याय उर्फ बचई, अमित सिंह उर्फ पंडित, वीरेंद्र सिंह उर्फ डाही, कौशल किशोर सिंह, अमित सिंह उर्फ पंडित, विनीत सिंह उर्फ टन्नू, अरविंद सिंह, शैलेंद्र सिंह तथा सुलतानपुर जनपद स्थित कादीपुर थाना क्षेत्र के भीटी गांव निवासी विजय बहादुर सिंह एवं मीरापुर निवासी सूबेदार सिंह और अमरजीत यादव शामिल हैं।

सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए नवीन ब्लैक स्पॉटो का करें चिन्हांकन : डीएम

रिपोर्ट तहसील संवाददाता अरविन्द कुमार यादव
जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृत्तिका शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिलें में यातायात नियमों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो की स्थिति एवं उन पर किये जाने वाले सुधारात्मक कार्य तथा नवीन ब्लैक स्पाट्स हेतु चिन्हांकन किया जाए एवं दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाये। शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा चिन्हों का बोर्ड संकेतांक, स्पीड ब्रेकर, उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में रिफ्लेक्टिंग (कलर), रंबलिंग स्ट्रिप बनाये जाएं। मार्गों के मोड़ पर, डिवाइडर व सड़क के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए, जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रचार–प्रसार के साथप्रवर्तन की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में तुरंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। जिससे गोल्डेन आवर (दुर्घटना से 01 घण्टा) में घायलों को उचित इलाज मिल सके। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को स्वैच्छिक रूप से मदद करने वाले व्यक्तियों (गुड सेमिरिटन) को पुरस्कृत किया जाए। एन०एच०–730 मार्ग पर दुर्घटना की स्थिति पर विचार तथा उन्हें कम करने हेतु उपाये किये जाएं। जिलाधिकारी ने आइलैंड ऐप से जुड़े सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा शत– प्रतिशत डाटा फीड समय से कराये जाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बैठक में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी वी०के० मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक मिथलेश कुमार, एन०आई०सी० के डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर शिवकुमार पाठक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकतांत्रिक मूल्यों की संरक्षण के लिए मतदान अनिवार्य

जौनपुर। सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान ग्राम काँटी प्राथमिक विद्यालय काँटी बरसठी में चलाया गया। मुख्य वक्ता प्रधान अध्यापक प्रमोद प्रजापति ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की संरक्षण के लिए मतदान अनिवार्य है हर नागरिक का कर्तव्य है की वह वोट करें। तत्पश्चात मतदाता शपथ दिलाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सुनीता तिवारी ने करते हुए कहा कि महिला मतदाता को बढ़ – चढ़ कर इस बारअपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आगे आना और निकलना होगा। समाजसेवी श्याम नाथ गौड ने कहा कि महिलाएं अब ज्यादा जागरुक है वक्त के साथ यह मतदान में भी सर्वाधिक उत्साह देखा गया है महिलाओं का मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा रहेगा । उक्त अवसर पर मतदान को बढ़ाने के लिए रवि कुमार अजीत प्रताप राजन मिश्रा अनिल कुमार वंदना पांडे ने सभा को संबोधित किया। महिला मतदान को बढ़ाने के लिए राजकुमारी महिमा तिवारी रेणु देवी पूनम तिवारी प्रमोद मनीष तिवारी सुदामा तिवारी सुमन तिवारी शुभम तिवारी प्रशांत तिवारी सरोज देवी सुशीला देवी हरिश्चंद्र इत्यादि लोगो ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया।

प्रशस्ति पत्र पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

मछलीशहर, जौनपुर। क्षेत्र के मतरी में स्थित बृजराजी–भोलानाथ सिंह इंटर कॉलेज के परिषदीय परीक्षा में सफल सभी 75: से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा गुरुवार को प्रशस्ति पत्र देकर मिठाई खिलाकर तथा माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया। विद्यालय के मेधावी छात्र शिवम गौतम का जिले की टॉपर लिस्ट में आने पर संपूर्ण शुल्क माफ किए जाने का निर्णय लिया गया । अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह ने कहा कि अभी तो यह सफलता की शुरुआत है अभी आप सब को और सतर्क रह कर परिश्रम करना पड़ेगा अपने परिवार,अपने गाँव, अपने विद्यालय,अपने प्रदेश तथा अपने देश का नाम रोशन करने के लिए आप सभी को बहुत सारी सामाजिक विकृतियों से दूर रहकर सफल महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना होगा उनके आदर्शों का अनुकरण करना होगा।आप लोगों को आज जो सफलता मिली है उसका गर्व तो है किंतु अभिमान नहीं होना चाहिये।अगर आज आपने अभिमान कर लिया तो शायद आपको मंज़िल मिलने में दिक्कत हो किंतु आपको इसी संस्कार के साथ इसी लगन पूर्वक अध्ययन के साथ अपने गुरुजनों के नेतृत्व में अभी बहुत सारी सफलताएँ अर्जित करनी है और मुझे विश्वास है कि आप लोग अपने शिक्षकों के साथ अध्ययन करते हुए सफलता का वह सोपान प्राप्त करेंगे, जिसके आप हकदार हैं।

एंटीकरप्शन टीम ने चौकी इंचार्ज धनियामऊ व सिपाही को 20 हजार घूस लेते समय दबोचा

बदलापुर, जौनपुर। भ्रष्टाचार निवारण वाराणसी की टीम ने गुरुवार की अपराह्न चौकी इंचार्ज धनियामऊ व उनके एक सिपाही को 20 हजार रुपए घूस लेते समय रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने चौकी इंचार्ज व सिपाही को बदलापुर कोतवाली लेकर पहुंची। जहां दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। चौकी क्षेत्र के सरायहरखू गांव निवासी जयशंकर यादव का पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा था। जिसके चलते पड़ोसी ने पीड़ित का मकान बनाने से रोक दिया था। मकान बनवाने के नाम पर चौकी इंचार्ज झिल्लू राम निवासी नेगुरा थाना धानापुर जनपद चंदौली व आरक्षी सूर्य प्रकाश निवासी सिकंदरपुर जनपद बलिया ने 50 हजार रुपये की मांग किया था। बाद में 25 हजार में सौदा तय हुआ था। पीड़ित ने मामले की सूचना भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी के प्रभारी निरीक्षक राकेश बहादुर सिंह को दिया। टीम ने शिकायत कर्ता को 20 हजार रुपये केमिकल लगाकर दे दिया। एंटीकरप्शन टीम के निरीक्षक व आरक्षी चौकी के आसपास सादे ड्रेस में घात लगाकर बैठ गये। जैसे ही जयशंकर ने केमिकल लगी नोट चौकी इंचार्ज के हाथ में दिया तो एंटीकरप्शन की टीम ने चौकी इंचार्ज व आरक्षी को दबोच लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक नीरज सिंह, अजीत सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र कुमार राय, विशाल उपाध्याय, चंदन उपाध्याय, सूरज गुप्त, मुकेश पांडेय, पुनीत सिंह, मुकेश यादव, विनोद, विनय रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

एशिया की टॉप १०० महिला इन्फ्लुएंसर में चुनी गई

खटीमा की रितु जोशी एशिया की महिला इन्फ्लुएंसर पुरस्कार 2024 से सम्मानित

खटीमा उत्तराखंड। कंजाबाग खटीमा की रितु जोशी को दिवा प्लैनेट मैगजीन की तरफ से एशिया की टॉप 100 महिला इन्फ्लुएंसर पुरस्कार 2024 से नवाजा गया। रितु को ये अवॉर्ड बेस्ट मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर की कैटेगरी में मिला है। रितु को ये अवॉर्ड ऑल एशिया लेवल पे आये हुए कई नॉमिनेशन मे से चुन के दिया गया है रितू पेशे से एक मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर है। बता दें अभी हाल ही में रितु को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय देवभूमि आइकन अवार्ड 2024 से नवाजा गया था जो कि बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मोहरा फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर के द्वारा दिया गया। इसके साथ–साथ रितु को पिछले

साल कुछ बड़े अवॉर्ड्स से भी नवाजा गया था जिनमे इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से मॉडलिंग श्रेणी में भारत गौरव सम्मान,15 अगस्त को इंडिया स्टार बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से इंडिया स्टार इंडिपेंडेंट अवॉर्ड से नवाजा गया जो कि उन्हें बेस्ट मॉडल और इवेंट ऑर्गनाइजर की कैटेगरी में दिया गया। इसके साथ–साथ रितु को फॉक्स स्टोरी इंडिया की तरफ से वुमन फेस ऑफ द ईयर 2023 के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। रितु ने मॉडलिंग में कुछ ब्यूटी पेजेंट का खिताब भी अपने नाम किया है जिनमें मिस पिथौरागढ़ 2018, मिस गढ़वाल 2019 फर्स्ट रनर अप, मिस नॉर्थ राइजिंग इंडिया 2019, जो एक नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट था, मिस ग्लोरी ऑफ उत्तराखंड 2019 शामिल है। इसके साथ–साथ रितु को फैशन लाइफस्टाइल मैगजीन के द्वारा मॉडलिंग श्रेणी में 15 सक्सेस स्टार ऑफ इंडिया 2020,फॉरएवर स्टार इंडिया के द्वारा द रियल सुपरवूमन 2020, दिल्ली सत्यजय न्यूज के द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तित्व पुरस्कार 2021, कल्कि न्यूज के द्वारा कल्कि गौरव सम्मान 2021, राष्ट्रीय कला एवं शिक्षा अकादमी पुणे द्वारा राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2021, फॉक्सक्लूज बेंगलुरु द्वारा शीर्ष 100 महिला आइकन पुरस्कार 2022, राष्ट्रीय ज्ञानपीठ पुणे महाराष्ट्र द्वारा राष्ट्रीय महिला गौरव पुरस्कार शामिल है, इतना ही नहीं इसके साथ– साथ रितु ने खटीमा मे जासेस क्लब के साथ मिलकर जासेस टेलेंट हंट 2023 का भी आयोजन करवाया , साथ–साथ रितु ने कुमाऊं केसरी के साथ मिलकर स्टार ऑफ उत्तराखंड 2020 मॉडलिंग और डांसिंग इवेंट भी करवाया, और साथ ही लॉकडाउन के टाइम गो कोरोना गो सिंगिंग और ऑनलाइन डांसिंग इवेंट को जज भी किया।और रितु की उपलब्धि की कहानी कुछ पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है जिनमें उत्तराखंड की श्रीतिज के पार मार्च 2021 में एक कवर गर्ल के रूप में शामिल है। दिल्ली की अंग्रेजी पत्रिका वंशधारा, दिल्ली की पत्रिका आपकी सेहत जिसमे फेस आफ द मंथ और लाइफस्टाइल पत्रिका में उनकी उपलब्धि की कहानी नारी शक्ति संस्करण प्रकाशित हुई। रितु ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि हमें जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए।

प्लांट डिपो प्रशासन और कर्मचारियों की बैठक में मुद्दों पर बनी सहमति

चंदौली ।प्लांट डिपो इंजीनियरिंग कारखाना प्रशासन और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक कार्यालय सभागार में हुई दो दिवसीय बैठक में कर्मचारियों के हितकारी मुद्दों पर सहमति बनाई गई। कर्मचारियों की नुमाइंदगी करते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय सहायक महामंत्री व पीएनएम प्रभारी बीबी पासवान ने पक्ष रखा। स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में कुल 14 मुद्दों पर सहमति बनाई गई। बैठक मे प्लांट डिपो के सभी अनुभागों में गर्मी को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर लगाने और खराब पड़े कूलर की मरम्मत कराने, ट्रैक मशीन अनुभाग में लाइन में कार्यरत मशीनों पर कुक के लिए नए टेंडर सात मई तक प्रकाशित होने और एक जुलाई तक सभी मशीनों में कुक उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला। प्लांट डिपो के स्टाफ कैंटीन और गेट के आसपास एक-एक हैंडपंप लगाने,नए नियुक्त हुए कर्मचारियों और पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों का नया परिचय पत्र देने, प्लांट डिपो के सभी विभाग के कर्मचारियों का मेडिकल जांच करने के लिए मंडलीय रेलवे अस्पताल से वार्ता कर कैंप लगाने पर सहमति बनी। बैठक में कारखाना के संरचना शाला और टीएमसी अनुभाग में खराब सभी स्पीड फैन मरम्मत करने, प्लांट डिपो इंस्टीट्यूट प्रांगण में खाना बनाने के लिए एक शेड का निर्माण ,पीने के पानी के लिए नल और शौचालय का निर्माण कराने के साथ सभी जर्जर दरवाजा बदलने की सहमति बनी। कारखाना के संरचनाशाला एवं टीएमसी अनुभाग के कर्मचारी के लिए गोदरेज का लॉकर की व्यवस्था कराने, कारखाना के सभी अनुभागों में लगे पीने की पानी की टंकी की सफाई कराने पर भी सहमति बनी है । मुख्य कारखाना प्रबंधक वारिज नयन ने कर्मचारियों की समस्या पर चर्चा की। बैठक में टीएमसी अमित कुमार गुप्ता, सहायक वित्त सलाहकार अशोक कुमार दोहरे, कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अरविंद चतुवेर्दी, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने किया।

भाजपा प्रत्याशी सहित कुल 19 प्रत्याशियो ने किया नामांकन

हमीरपुर। आज भारतीय जनता पार्टी से कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह उम्र 50 वर्ष आर्शीवाद पैलेश नयापुरा नैकाना महोबा जिला महोबा, निर्दलीय पार्टी सारथ कुमार व्यास पुत्र संतशरण व्यास उम्र 40 वर्ष, 374 ग्राम सिंहधनपुर बघारी तहसील महोबा जिला महोबा,निर्दलीय भुवनेन्द्र नारायण सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह उम्र 36 ग्राम व पोस्ट कनकुवॉ तहसील कुलपाहाड़, जिला महोबा उत्तर प्रदेश, अल हिन्द पार्टी से धर्मराज पुत्र लक्ष्मण उम्र 40 ग्राम इटरा पोस्ट चन्दपुरवा बुजुर्ग हमीरपुर उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में अपना नामांकन प्रस्तुत किया गया। अब तक कुल 19 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। शपथ पत्र के अनुसार धर्मराज पुत्र लक्ष्मण उम्र 40 वर्ष ग्राम इटरा पोस्ट चन्दपुरवा बुजुर्ग हमीरपुर की शैक्षिक योग्यता 12वीं पास है तथा इनकी उपजीविका मजदूरी है, तथा उनके पास जंगम तथा स्थावर संपत्ति नही है कोई भी मोटर वाहन नही है और न ही

उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित है। निर्दलीय प्रत्याशी भुवनेन्द्र नारायण सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह उम्र 36 वर्ष के शपथ पत्र के अनुसार शैक्षिक योग्यता परास्नातक है जो उन्होने राजकीय महाविद्यालय हरपालपुर, छतरपुर म0प्र0/डॉ0 हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर म0प्र0 से प्राप्त की है उनके पास शपथ पत्र के अनुसार जंगम तथा स्थावर आस्तियॉ भी है तथा उनकी उपजीविका का स्त्रोत कृषि है, पत्नी गृहिणी है। शपथ पत्र के अनुसार उनके पास सोने के जेवरात तथा राइफल भी है। शपथ पत्र के अनुसार उनके ऊपर कोई भी आपराधिक मामला लम्बित नही है। सारथ कुमार व्यास पुत्र श्री संतशरण व्यास उम्र 40 वर्ष द्वारा भी स्वतंत्र अभ्यार्थी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। शपथ पत्र के अनुसार उनकी शैक्षणिक योग्यता परस्नातक,एल.एल.बी. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झॉसी,एम.बी.ए. तथा बी.टेक है। उनकी उपजीविका का स्त्रोत अधिवक्ता बार काउंसलिग ऑफ दिल्ली है तथा पत्नी शिक्षिका है। आय के स्त्रोत अधिवक्ता तथा कृषि है। शपथ पत्र के अनुसार जिला सत्र न्यायालय महोबा में एस.सी. 364/2022 वाद लम्बित है। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी द्वारा 02 नामांकन,अल हिन्द पार्टी से धर्मपाल द्वारा 02 नामांकन तथा भुवनेन्द्र नारायण सिंह व सारथ कुमार व्यास द्वारा 01–01 नामांकन दाखिल किया गया।

लड़की से छेड़खानी मामले में समझौते के लिए परिवार पर की थी फायरिंग, गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ के देवगांव पुलिस ने बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इससे पहले उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बदमाश विकास यादव लड़की से छेड़खानी और उसके परिजनों पर फायरिंग करने के मामले में फरारी काट रहा था। आजमगढ़ के देवगांव कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी शातिर अपराधी को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। देवगांव कोतवाली के आईटीआई कालेज लफिया के पास मुठभेड़ हुई। पुलिस ने घायल बदमाश के पास से तमंचा-कारतूस व बाइक बरामद किया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवगांव कोतवाली पर 26 अप्रैल को एक महिला ने तहरीर दिया था कि रणमो गांव निवासी विकास यादव ने उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी की थी। इस बाबत उसने गंभीरपुर थाने पर मुकदमा भी पंजीकृत कराया। उक्त मुकदमें में सुलह-समझौते के लिए अभियुक्त विकास यादव ने 22 अप्रैल को उसे जान से मारने की धमकी दिया। इतना ही नहीं जान से मारने की नियत से उस पर फायरिंग भी कर दी थी। देवगांव कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। बुधवार को पुसिल को सूचना मिली कि 25 हजार का इनामी विकास यादव आईटीआई कालेज लफिया के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम गायत्री मोड़ पर पहुंच गई और अभियुक्त के आने का इंतजार करने लगे। कुछ ही देर में एक बाइक सवार युवक काफी तेजी से पल्हना बाजार की तरफ जाता दिखा। जिस पर पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी शुरू कर दी। दोनों तरफ से घिर जाने पर विकास ने एक सुनसान रास्ते पर मुड़ने का प्रयास किया, तभी बाइक लेकर गिर गया। इसके बाद वह पैदल ही भागने लगा। पुलिस टीम जैसे ही उसके पास पहुंची, उसने तमंचा से फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिससे बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने तत्काल सीएचसी लालगंज इलाज के लिए भेजा। उसके पास से पुलिस ने रिवॉल्वर व कारतूस के साथ ही बाइक बरामद किया। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी होने के साथ ही 25 हजार का इनामी था। उस पर विभिन्न थानों में दर्जन भर से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

आपस में भिड़े तेज रफ्तार ट्रेलर

चालक की मौत, वाहन काटकर निकाली गई लाश; खलासी घायल

मऊ ।हादसे में घायल खलासी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक चालक की पहचान मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी के रूप में हुई, जबकि खलासी की पहचान नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक आगे वाले ट्रेलर में बालू लदा था। दोनों ट्रेलर तेज गति से जा रहे थे। मऊ के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोंठा फोरलेन बाईपास पर बीती देर रात डायवर्जन के पास दो ट्रेलर की भिड़ंत में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रेलर के अगल हिस्से को काटकर किसी तरह चालक के शव को निकलवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के फोरलेन पर फरसरा गांव के पास पेट्रोल पंप समीप जहां से फोरलेन और गोंठा बाजार जाने के लिए रूट डायवर्जन है। वहीं पर बुधवार की देर रात करीब 11 बजे आगे जा रहे ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर

मार दिया। जिससे टक्कर मारने वाले ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बगल की सीट पर बैठा खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ट्रेलर की टक्कर के बाद शोर सुनकर आस-पास के लोग भी पहुंच गए। इसी बीच किसी ने फोन पर पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह ट्रेलर के अगले हिस्से को काटकर चालक के शव और खलासी को बाहर निकाला गया। डायवर्जन के पास पहुंचते ही पीछे वाले ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। बताया कि डायवर्जन के पास बिजली के पोल तो लगे हुए हैं, लेकिन लाइट नहीं जलने से हमेशा अंधेरा रहता है। जिससे गोंठा बाजार होकर जाने वाले को भी परेशानी होती है।

यशवंतपुर, आगरा, अजमेर जाने के लिए यात्रियों को नहीं होगी परेशानी, चलेगी पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

चंदौली ।ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए अब रेलवे ने पांच जोड़ी और स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। स्पेशल ट्रेनों के चलने से दक्षिण भारत, आगरा, अजमेर जाने वाले यात्रियों को आसानी होगी। हालांकि रेलवे पहले से ही पीडीडीयू जंक्शन से होकर चालीस से स्पेशल ट्रेनें चला रही है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यशवंतपुर-गया समर स्पेशल पं.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, इटारसी,नागपुर के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन चार से 25 मई तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर से सुबह 07.30 बजे खुलकर सोमवार को 07.30 बजे गया पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी छह से 27 मई तक गया से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 23.45 बजे खुलकर बुधवार को 22.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इसी तरह हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल हुब्बल्लि से 28 मई तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 17.20 बजे खुलकर बुधवार को 05.15 बजे पुणे, बृहस्पतिवार को 11.15 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 13.40 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन तीन से 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर 14.50 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए शनिवार को 18.55 बजे पुणे तथा रविवार को 07.00 बजे हुब्बल्लि पहुंचेगी। इसी तरह उदयपुर सिटी-कोलकाता समर स्पेशल पांच मई से तीस जून तक प्रत्येक रविवार को उदयपुर सिटी से दोपहर 14.05 बजे खुलकर सोमवार को 14.55 बजे पीडीडीयू जंक्शन पर रुकते हुए मंगलवार की भोर में 04.00 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

चीन की भाषा ने बदल दी सारनाथ के युवाओं की जिंदगी, कमा रहे 70-80 हजार; दो दोस्तों ने शुरू की थी एक यात्रा

वाराणसी। इस काम ने युवाओं की बेहतरीन जिंदगी जीने का सपना पूरा किया। उनकी सफलता को देखकर आसपास और अन्य गांव के युवा भी प्रेरित हुए। इस समय 30 से अधिक युवा चीनी भाषा सीखने के बाद अपने पैरों पर खड़े हैं। भले ही भारत और चीन के रिश्तों में तल्खी हो लेकिन चीनी भाषा ने सारनाथ के युवाओं की जिंदगी को रंगों से भर दिया है। दो दोस्तों ने चीनी भाषा सीखने के बाद चीन की जो यात्रा शुरू की, उसने सफलता की नई कहानी रची। वर्तमान में सारनाथ में चीनी भाषा सीखने वाले युवाओं की संख्या 30 से अधिक पहुंच चुकी है। 2009 में दो दोस्त गुरु दयाल आजाद व धर्मराज ने संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय से चीनी भाषा सीखने



के बाद चीन जाने की ठानी। दोनों ही 2009 में चीन चले गए और दो साल तक चीन की शायांग नॉर्मल यूनिवर्सिटी से चीनी भाषा में डिप्लोमा किया। डिप्लोमा पूरा होने के बाद दोनों दोस्त दिल्ली में ही ट्रैवल एजेंसी में काम करने लगे। गुरु दयाल आजाद ने बताया कि इस काम में उनको पहले तो भारत के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों को घूमने का मौका मिला। इससे अच्छी आमदनी भी होने लगी। होती थी अच्छी आमदनी धर्मराज का कहना है कि चीनी भाषा सीखने के बाद उनको देश-विदेश घूमने का मौका मिला। जीवन स्तर में भी सुधार आया। गुरु दयाल बताते हैं कि 2009 से पहले मैं फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता था लेकिन चीनी भाषा सीखने के बाद जीवन स्तर पूरी तरह से बदल गया। इस समय 30 से अधिक युवा इस समय अपने पैरों पर खड़े हैं। कोविड महामारी के बदली सूरत कोविड महामारी के बाद पर्यटन व्यवसाय में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला। आज भी सारनाथ क्षेत्र के युवा जिसमें राजेश, संजय, मनोज, नवरत्न, दशरथ, विनोद, प्रदुम, मनीष तिवारी, मनीष मौर्य भारत के अलग-अलग शहरों में चीनी कंपनियों में इंटरप्रेटर की नौकरी कर रहे हैं। उनको महीने में 70 से 80 हजार रुपये की आमदनी भी हो रही है।

संक्षिप्त समाचार

युवक ने घरेलू झगड़े के कारण खाया जहरीला पदार्थ हालत नाजुक

हमीरपुर । जनपद में सरीला तहसील क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत रिगवारा गांव में 35 वर्षीय एक युवक ने घरेलू झगड़े के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का प्रयास किया। जिसके बाद युवक की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद पर जिन्होंने उसे आनन फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सरीला तहसील क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत रिगवारा गांव के निवासी महिपाल पुत्र प्रेमचंद ने घरेलू झगड़े के चलते अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने का प्रयास किया। जिसके बाद महिपाल की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने उसे तत्काल इलाज हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आए युवक महिपाल का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

जमीनी विवाद मे दबंग ने सास बहू को पीटा

हमीरपुर। जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव में जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने ससुर और बहू के साथ गाली गलौज कर दोनों की पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना की निवासी महिला सुमन पत्नी भगवानदास पासवान ने बताया कि उसके हिस्से की जमीन में उसके गांव का ही दबंग बृजेंद्र व बल्ली जबरन दीवार बनाने के लिए नीव की खुदाई कर रहा था। बताया कि जब उसने नीव खोदने का विरोध किया तो उक्त दोनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसके ससुर छबिलाल उसे बचाने के लिए दौड़े तो दोनों ने उसके ससुर के साथ भी मारपीट कर दी। बताया कि उसने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

राठ कस्बे के कोटबाजार इलाके में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत व्यापारियों ने ली मतदान की शपथ

हमीरपुर। जनपद में राठ कस्बे के कोटबाजार इलाके में आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तहसीलदार की मौजूदगी में सभी व्यापारियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें तहसीलदार कुमार भूपेन्द्र ने सभी व्यापारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान तहसीलदार कुमार भूपेंद्र ने कहा कि सभी लोग सुबह उठकर मतदान करने के लिए जरूर जाएं । उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोगों का यह दायित्व है कि सभी लोग अपने घर के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म , लोभ , लालच से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष रूप से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान मौजूद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में मतदान का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर ही हम शासन व्यवस्था का चुनाव करते हैं। उन्होंने उपस्थित व्यापारी वर्ग और जनसमुदाय को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में सभी लोग प्रतिभाग करते हुए मतदान जरूर करें। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रदीप गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता (पप्पू धौहल) रहमत दीपू बुधौलिया, रामगोपाल गुप्ता, डॉ जमील राठवी, कैलाश चंद्र अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, नीरज के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

लोक सभा क्षेत्र- 47 हमीरपुर के पुलिस प्रेक्षक का आगमन

हमीरपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचनह 2024 के दृष्टिगत 47 हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में श्री जॉय बिस्वास (आई.पी.एस.) का आज जनपद में आगमन हो गया है। पुलिस प्रेक्षक महोदय का निवास स्थान बेतवा सूट सर्किट हाउस हमीरपुर तथा गंगा सूट सर्किट हाउस बॉदा है। प्रेक्षक महोदय का मोबाइल नम्बर–9120268258 है। जिला आबकारी अधिकारी अवधेश राम प्रेक्षक महोदय श्री जॉय विस्वास (आई.पी.एस.) के लाइजन आफीसर है। जिनका सम्पर्क सूत्र 9454465681 है।

छात्रा और आरोपी छात्र का मोबाइल खोलेगा राज, छींटाकशी या प्रेम प्रसंग

कुशीनगर। हाईस्कूल में पढ़ने वाली 17 वर्षीय छात्रा के अचानक आत्मघाती कदम उठाने से घर वाले हैरत में हैं ही, कॉलेज प्रशासन और पुलिस भी परेशान है। क्लास की छात्राओं से घुलमिल कर रहने वाली किशोरी ऐसा कदम क्यों उठाई, फिलहाल यह जांच का विषय है। पुलिस दोनों का मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में छात्र-छात्रा के बीच मोबाइल पर बातचीत होनी पाई गई है। अहिरौली थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा क्षेत्र के एक कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। इसी कॉलेज में गांव का एक लड़का कक्षा 11वीं का छात्र है। छात्रा के पिता के अनुसार सामान्य दिनों की तरह उसकी बेटी रात में भोजन करने के बाद छत पर सोने के लिए चली गई। बुधवार को भोर में जब परिजन छत पर गए तो उसका शव दुपट्टे के फंदे से रेलिंग से लटक रहा था। छात्रा के पिता ने गांव के एक लड़के और उसके रिश्तेदार पर बेटी को फोन कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो नामजद और अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर लिया। छात्रा के कॉलेज में ही आरोपी छात्र भी पढ़ते हैं। दोनों के बीच एक क्लास आगे-पीछे हैं।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

लखनऊ में 40 साल पहले जीती थी कांग्रेस

राजनाथ सिंह हैट्रिक लगाने खातिर मैदान में

लखनऊ। यूपी की खास लोकसभा सीट लखनऊ पर पिछले 33 साल से बीजेपी काबिज है।पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी 5 बार इस सीट से सांसद चुने गए थे। कांग्रेस को लखनऊ में 40 वर्ष पहले आखिरी बार जीत मिली थी। 2014 से लखनऊ सीट पर बीजेपी के राजनाथ सिंह सांसद हैं।लखनऊ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा है।बीते 10 साल से राजनाथ सिंह इस सीट से सांसद हैं।लखनऊ सीट इंडिया गठबंधन में सपा के खाते में है।समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा को मैदान में जतारा है।2019 के आम चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार पूनम सिन्हा को 3 लाख 47 हजार 302 वोटों से हराया था. राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हाजर 26 वोट मिले थे,जबकि पूनम सिन्हा को 2 लाख 85 हजार 724 वोट मिले थे।कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को उम्मीदवार बनाया था।प्रमोद कृष्णम को एक लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ लोकसभआ सीट से 5 बार सांसद चुने गए थे।उन्होंने पहली बार 1991 में यहां जीत दर्ज की ।उसके बाद लगातार 5 बार सांसद रहे। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991 के बाद1996, 1998, 1999 और 2004 के आम चुनाव में जीत हासिल की।इसके बाद 2009 में बीजेपी के लालजी टंडन सांसद चुने गए। 2014 और 2019 में राजनाथ सिंह ने जीत हासिल की।लखनऊ लोकसभा सीट पर पहली बार 1952 आम चुनाव में वोट डाले गए थे। लखनऊ से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित सांसद चुनी गई थीं। 1957 आम चुनाव में कांग्रेस के पुलिन बिहारी बनर्जी ने जीत हासिल की। 1962 के आम चुनाव में कांग्रेस ने फिर से जीत दर्ज की। बीके धवन सांसद चुने गए।1967 आम चुनाव में लखनऊ से निर्दलीय उम्मीदवार भी जीत दर्ज करा चुका है।आनंद नारायण सांसद चुने गए जो इकलौते सांसद थे,जिन्होंने इस सीट पर निर्दलीय जीत दर्ज की। 1971 में कांग्रेस ने फिर वापसी की और शीला कौल सांसद चुनी गईं।आपातकाल के बाद हुए 1977 आम चुनाव में जनता पार्टी के हेमवती नंदन बहुगुणा चुने गए लेकिन 1980 आम चुनाव में कांग्रेस की शीला कौल सांसद चुनी गईं जिन्होंने 1984 के आम चुनाव में भी जीत दर्ज की। 1989 में जनता दल के टिकट पर मांधाता सिंह ने जीत दर्ज की। 1991 के बाद से लगातार अब तक इस सीट पर बीजेपी ने जीत हासिल की है। 5 बार अटल बिहारी वाजपेयी सांसद चुने गए और राजनाथ सिंह 2 बार सांसद चुने गए।लखनऊ लोकसभा सीट अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें क्रमशः लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तर, लखनऊ पूर्व, लखनऊ सेंट्रल और लखनऊ कैंट आती है।

प्राइवेट पार्ट में वैक्यूम क्लीनर से भर दी हवा, आंत फटी, किशोर का अस्पताल में चल रहा इलाज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में किशोर के साथ अमानवीय घटना सामने आई है। किशोर के प्राइवेट पार्ट में वैक्यूम क्लीनिर से हवा भर दी गई। यह घटना हुसैनगंज स्थित साईं मोटर में हुई है। बताया जा रहा है कि चार लोगों ने मिलकर 17 वर्षीय किशोर के प्राइवेट पार्ट में वैक्यूम क्लीनर से हवा भर दी। प्रेशर से हवा जाने से किशोर की आंत फट गई। मौजूदा समय में किशोर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं पीड़ित किशोर के परिजनों ने पहले पुलिस से पूरे मामले में शिकायत की थी, बाद में मामला आगे बढ़ाने से मना कर दिया। दरअसल, हुसैनगंज थानाक्षेत्र स्थित उदयगंज में साईं मोटर नाम से एक सर्विस सेंटर है। किशोर इसी सर्विस सेंटर पर काम करता था। जहां पर उसके साथ यह घटना हुई है। इसी सर्विस सेंटर में काम करने वाले चार कर्मचारियों ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया है। पहले किशोर के साथ दरिंदगी की गई। बाद में किशोर के प्राइवेट पार्ट में वैक्यूम क्लीनर से हवा भर दी। पेट में हवा भरते ही आंत फट गई और किशोर तड़पने लगा। गंभीर हालत में आरोपित किशोर को छोड़ कर भाग गये। वहीं किशोर की आवाज सुनकर राहगीरों ने पुरे मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने किशोर को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। हुसैनगंज पुलिस ने बताया है कि किशोर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने पहले एक लाइन लिखकर दिया था, लेकिन कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

मई में भीषण गर्मी का कहर,मौसम विभाग की अपील, गर्म हवाओं के थपेड़े से बचें

लखनऊ। लखनऊ में मई के आखिरी सप्ताह तक 44 डिग्री के अधिकतम स्तर तक तापमान दर्ज किया जाएगा। इस दौरान हीट वेव का असर भी बना रहेगा। मई में अधिकतर दिन तेज धूप के साथ में बादल छाए रहेंगे। मौसम वैज्ञानिकों ने पिछले साल मई की तुलना में इस साल तापमान में एक डिग्री तक की बढ़ोत्तरी होने का पूवार्नुमान किया है। पिछले साल मई में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया था। कई दिन सामान्य तापमान से अधिक तापमान दर्ज हुआ था।लखनऊ में बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक ठंडी हवाएं चल रही हैं। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन सुबह तेज धूप निकलने के बाद मौसम बदलना शुरू हो गया। इसके बाद गर्म हवाएं चलने से लोगों को परेशानी होने लगी। सड़क पर निकलने वाले लोग चेहरा ढक कर आवाजाही करते रहे। इस दौरान साफ आसमान बना रहा। 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलती रही हैं। लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग पेड़-पौधों के नीचे छांव में खड़े होकर सहारा लेते रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं चलती रहेंगी। लखनऊ में आज 21 डिग्री से 39 डिग्री के बीच में तापमान दर्ज किया जाएगा। दोपहर के समय में तापमान अधिकतम स्तर पर रहेगा। ऐसे में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। बुधवार को 39.8 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो कि सामान्य तापमान से 0.4 डिग्री अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 2.1 डिग्री कम रहा है। ऐसे में बुधवार की रात ठंडी रही हैं। आज, पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। रात के समय में ठंडी हवाएं चलने से भी लोगों को राहत मिलेगी। लखनऊ में अभी तक बीते अप्रैल में अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री ने मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए किया रोड शो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख मैनपुरी के मतदाताओं के मनोभाव जुबां पर आ गए। प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं मैनपुरी लोकसभा सीट से

भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। मतदाताओं ने योगी को विश्वास दिलाया कि मैनपुरी अब आपके साथ है। सात मई, मैनपुरी से सपा गई।चिलचिलाती धूप में भी सड़कों पर योगी के स्वागत में मैनपुरी का आम जनमानस उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ह्लकमल के फूलह्ल का कटआउट लेकर रोड शो के पूरे रास्ते आमजन चलते रहे। सपा के गढ़ में घर-घर की छतों से एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंज रही थी। लगभग एक घंटे के रोड शो में हर तरफ ह्लयोगी-योगीह्ल ही होता रहा।आर्य समाज परिसर से भावंत चौराहे तक निकले रोड शो में सड़कों पर दर्जनों बुलडोजर खड़े रहे। कानून व्यवस्था के पर्याय बुलडोजर पर खड़े मैनपुरी वासियों व भाजपा कार्यकताओं ने रथ पर खड़े योगी आदित्यनाथ पर फूलों की खूब वर्षा की। ह्लआएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी हीह्ल गीत पर युवा थिरकते रहे। जो बच्चे वोट नहीं दे सकते, उनमें भी योगी के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। महिलाएं छत से कहीं हाथ जोड़े खड़े रहीं तो कहीं फूलों की वर्षा करती रहीं। मुख्यमंत्री योगी जिस पर सवार थे, न सिर्फ वह वाहन भगवा दिखा और गेंदा के फूलों से सजा रहा, बल्कि रोड के दौरान सड़कों पर भी भाजपा और भगवा झंडा फहराता रहा। योगी को जयश्रीराम के नारों से उप्र के मुख्यमंत्री का मैनपुरी ने अपने बीच अभूतपूर्व स्वागत किया। रथ पर मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह, योगी सरकार के मंत्री संदीप सिंह आदि शामिल रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रहा है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार पर सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश कर रहे हैं। देश के अंदर मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए कांग्रेस गोहत्या को प्रश्रय देने की कुत्सित चेष्टा भी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़। आस्था का सम्मान करने वाला सच्चा भारतीय इसे कतई सफल नहीं होने देगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन श्रीराम व प्रदेश के विकास के लिए समर्पित था। उनके निधन पर सपा ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं व्यक्त किए थे।

निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन

